# J-201401–B

## विषय : हिन्दी ( सामान्य )

समय : 3 घण्टे ]

[ पूर्णांक : 75

निर्देश : (*i*) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें कुल 15 अंक निर्धारित हैं। इस प्रश्न में तीन उपखण्ड हैं—खण्ड-(अ) बहुविकल्पीय प्रश्न (5 अंक), खण्ड-(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (5 अंक) और खण्ड-(स) उचित संबंध जोड़िए (5 अंक)।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। उत्तर अधिकतम *20-30* शब्दों में लिखिए।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। उत्तर अधिकतम *50* शब्दों में लिखिए।

(*v*) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। उत्तर अधिकतम *75* शब्दों में लिखिए।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक 16 एवं 17 क्रमशः अपठित गद्यांश एवं पत्र-लेखन प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित हैं।

(*vii*) प्रश्न क्रमांक 18 निबंधात्मक प्रश्न है। इस पर 8 अंक निर्धारित है। इसका उत्तर अधिकतम *250* से *300* शब्दों में लिखिए।

(*viii*) प्रश्न क्रमांक 11 से प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

प्रश्न-1 ( खण्ड-अ ) सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

(i) 'चतुर' शब्द प्रयुक्त हुआ है :

(अ) चिड़िया के लिए

(ब) अलसी के लिए

(स) बगुला के लिए

(द) सुग्गा के लिए

(ii) साबुन की डिबिया किसकी थी ?

(अ) गार्टस्बी की

(ब) युवक की

(स) वृद्ध की

(द) टैक्सी ड्राइवर की

(iii) 'मैं मजदूर हूँ' पाठ किस विधा से है ?

(अ) निबंध

(ब) कहानी

(स) रेखाचित्र

(द) आत्मकथा

(iv) 'मोहन शेर है' में कौन-सी शब्द-शक्ति है ?

(अ) अभिधा

(ब) लक्षणा

(स) व्यंजना

(द) माधुर्य

downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(v) शहीद वीर नारायण सिंह कहाँ के जमींदार थे ?

(अ) कोमाखान

(ब) रामगढ़

(स) सोनाखान

(द) फिंगेश्वर

[1×5=5]

**प्रश्न-1 (खण्ड-ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(i) 'बीसलदेव रासो' —— काल की रचना है।

(ii) मधुलिका ने पुरस्कार में —— माँगा।

(iii) सुआ गीत में सुआ को —— का प्रतीक माना गया है।

(iv) आरसी प्रसाद सिंह को —— और —— का कवि कहा जाता है।

(v) 'शील' ने अपनी कविता में —— छंद का प्रयोग किया है।

[1×5=5]

**प्रश्न-1 (खण्ड-स) उचित संबंध जोड़िए :**

| (क) | | (ख) |
|---|---|---|
| (i) सोन का उद्गम | - | लकवा |
| (ii) सूरदास | - | माटाखान |
| (iii) माटीवाली | - | किनारा |
| (iv) रामचरण | - | सोनमुड़ा |
| (v) तट | - | सूर सागर |

StudentSuvidha.com
downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**प्रश्न-2** निर्गुण भक्ति धारा की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। [2]

**प्रश्न-3** भक्तिन कौन थी ? [2]

**प्रश्न-4** देवरी का जमींदार, नारायण सिंह का रिश्ते में क्या लगता था ? [2]

**प्रश्न-5** "बाँधे मुरैठा शीश पर"—इस पंक्ति के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ? [2]

**प्रश्न-6** सुंता (सुमति) से रहने से क्या लाभ होता है ? [2]

**प्रश्न-7** "अमरकण्टक ने नर्मदा को जन्म देकर भारत को वरदान दिया है।" ऐसा क्यों कहा गया है ? [3]

**प्रश्न-8** प्रगतिवाद के तीन कवियों के नाम, उनकी रचनाओं के साथ लिखिए। [3]

**प्रश्न-9** मरिया प्रथा ने सिकुमार की जिन्दगी को किस तरह बदल दिया ? [3]

**प्रश्न-10** लड़की को दान देते वक्त माँ को अंतिम पूँजी देने जैसा दुःख क्यों हो रहा है ? [3]

**प्रश्न-11** दुनिया के विकास कार्यों में मजदूरों के योगदान को अपने शब्दों में लिखिए। [4]

*अथवा*

'अपनी-अपनी बीमारी' पाठ में लेखक किस बीमारी से मरना चाहते हैं, और क्यों ?

**प्रश्न-12** निम्नलिखित पद्यांश का भाव स्पष्ट (व्याख्या) कीजिए : [4]

अजहूँ न निकसे प्रान कठोर
दरसन बिना बहुत दिन बीते, सुंदर प्रीतम मोर
चारि पहर चारो जुग बीते रैनि गँवाई भोर
अवधि गई अजहूँ नहिं आए, कतहुँ रहे चितचोर

आषाढ़

downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

***अथवा***

पायो जी म्हे तो राम रतन धन पायो ॥

वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु, किरपा कर अपनायो ॥

जनम जनम की पूंजी पाई, जग में सभी खोवायो ॥

खायो न खरच चोर न लेवे, दिन-दिन बढ़त सवायो ॥

[1+1+1+1=4]

**प्रश्न-13** बेरोजगारी के क्या-क्या कारण हैं ? कोई चार कारण लिखिए।

***अथवा***

लेखक बनने के लिए शरत बाबू के क्या-क्या सुझाव थे ? लिखिए।

**प्रश्न-14** छत्तीसगढ़ की प्रमुख लोक नाट्य विधा 'नाचा' को संक्षेप में समझाइए तथा प्रमुख नाचा कलाकार के नाम लिखिए। [4]

downloaded from StudentSuvidha.com

***अथवा***

वीर नारायण सिंह में कौन-कौन से मानवीय मूल्य दिखते हैं, जो उन्हें अद्वितीय सिद्ध करते हैं ?

**प्रश्न-15** पंक्ति 'बाधा के रोड़ों से लड़ता' का आशय जीवन को कैसे और कब-कब प्रभावित करता है ? अपने शब्दों में लिखिए। [4]

[redacted]

'ठूँठ' किसका प्रतीक है ? 'एक था पेड़ और एक था ठूँठ' पाठ के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

प्रश्न-16 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए (कोई ***पाँच***) : [1+1+1+1+1=5]

समय कभी किसी के लिए नहीं ठहरता। इस संसार में सबसे मूल्यवान है— समय। धन को तो परिश्रम करके पुनः कमाया जा सकता है किंतु बीता समय कभी लौटकर नहीं आता। इतिहास साक्षी है जिसने भी समय का सदुपयोग किया, उसे जीवन में सफलता प्राप्त हुई। विद्यार्थी काल में तो समय का और भी अधिक महत्व है। उसके लिए समय स्वर्ण से भी अधिक महत्वपूर्ण होता है। मनोरंजन के नाम पर समय को नष्ट करना स्वयं को धोखा देना है। धन के द्वारा समय नहीं कमाया जा सकता।

*प्रश्न :*

(*i*) विद्यार्थी का समय किससे अधिक महत्वपूर्ण है ?

(*ii*) 'सफलता' में कौन-सा प्रत्यय है ?

(*iii*) इस संसार में सबसे अधिक मूल्यवान क्या है ?

(*iv*) मनोरंजन में हमारा क्या नष्ट होता है ?

(*v*) 'स्वर्ण' का समानार्थी लिखिए।

(*vi*) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

StudentSuvidha.com
downloaded from

प्रश्न-17 आपका नाम दीपक कुमार है। आप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रायगढ़ में कक्षा-दसवीं के छात्र हैं। अपने प्राचार्य को, आर्थिक कारण बताते हुए, शाला शुल्क माफ करने हेतु एक आवेदन-पत्र लिखिए। [1+1+2+1=5]

***अथवा***

रायपुर नगर निगम के अध्यक्ष को एक शिकायती पत्र लिखिए, जिसमें मुहल्ले की सफाई न होने के संबंध में शिकायत की गई हो।

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**प्रश्न-18** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *250* से *300* शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए : [2+4+2=8]

(*i*) छात्र जीवन एवं अनुशासन.

(*ii*) विज्ञान की देन कम्प्यूटर

(*iii*) स्वच्छता अभियान

(*iv*) जीवन में खेलों का महत्व

(*v*) छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल

———

downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com